**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 752**
**29 नवंबर, 2024 को उत्तर के लिए**

## समुद्र तटीय तालुकाओं में एनसीसी का विस्तार

**752. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने समुद्र तटीय तालुकाओं में एनसीसी कैडेटों की संख्या एक लाख की है;

(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में उन तटीय तालुकाओं का ब्यौरा क्या है जहां एनसीसी का विस्तार किया गया है;

(ग) शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में एनसीसी कैडेटों को प्रदान किए गए प्रोत्साहन और/या नौकरी के अवसरों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अग्निपथ योजना में एनसीसी कैडेटों को कोई प्राथमिकता दी जाती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)**

(क) और (ख): सरकार ने सीमावर्ती तहसीलों, तटीय तालुकाओं तथा आवासीय वायु सेना स्टेशन तालुकाओं में एनसीसी के विस्तार के लिए एक लाख रिक्तियां प्रदान करने की योजना शुरू की है। इसमें आंध्र प्रदेश की 16 तालुकाएं शामिल हैं।

(ग): एनसीसी प्रमाण-पत्र धारकों को सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा से छूट, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और असम राइफल्स में भर्ती के लिए बोनस अंक जैसे प्रोत्साहन दिए जाते हैं। कुछ राज्य एनसीसी प्रमाण-पत्र धारकों को शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी प्रोत्साहन दे रहे हैं।

(घ) और (ङ): एनसीसी कैडेटों को अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती के लिए प्रमाण-पत्र के स्तर के अनुसार 5 से लेकर 25 तक बोनस अंक दिए जाते हैं।

*****